
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

पुण्यतिथि विशेष

**18 जनवरी 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।**

हरिवंश राय बच्चन

**( कवि )**

जन्म : **27** नवंबर **1907** मृत्यु : **18** जनवरी **2003**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष
18 जनवरी

मधु प्रिया

## हरिवंश राय बच्चन का निधन 18 जनवरी




हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को इलाहाबाद में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। हरिवंश राय बच्चन के पूर्वज मूलरूप से अमोढ़ा (उत्तर प्रदेश) के निवासी थे। यह एक कायस्थ परिवार था। कुछ कायस्थ परिवार इस स्थान को छोड़ कर इलाहाबाद जा बसे थे। इनके पिता का नाम प्रताप नारायण श्रीवास्तव तथा माता का नाम सरस्वती देवी था। इनको बाल्यकाल में 'बच्चन' कहा जाता था जिसका शाब्दिक अर्थ 'बच्चा' या 'संतान' होता है। बाद में ये इसी नाम से प्रसिद्ध हुए। उन्होंने कायस्थ पाठशाला में पहले उर्दू और फिर हिन्दी की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में एम॰ए॰ और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य के विख्यात कवि डब्लू॰बी॰ यीट्स की कविताओं पर शोध कर पीएच.डी. पूरी की थी । 1926 में 19 वर्ष की उम्र में उनका विवाह श्यामा बच्चन से हुआ जो उस समय 14 वर्ष की थीं। सन 1936 में टीबी के कारण श्यामा की मृत्यु हो गई। पाँच साल बाद 1941 में बच्चन ने एक पंजाबन तेजी सूरी से विवाह किया जो रंगमंच तथा गायन से जुड़ी हुई थीं। इसी समय उन्होंने 'नीड़ का निर्माण फिर' जैसी कविताओं की रचना की। उनके पुत्र अमिताभ बच्चन एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं। 2002 के सर्दियों के महीने से उनका स्वस्थ्य बिगड़ने लगा। 2003 के जनवरी से उनको सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कठिनाइयां बढ़ने के कारण उनकी मृत्यु 18 जनवरी 2003 में सांस की बीमारी के वजह से मुंबई में हो गयी।



हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को

# पुण्यतिथि विशेष 18 जनवरी




**हरिवंश राय बच्चन** (27 नवम्बर 1907 – 18 जनवरी 2003) हिंदी भाषा के एक कवि और लेखक थे। वे हिन्दी कविता के उत्तर छायावाद काल के प्रमुख कवियों में से एक थे । उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति मधुशाला है। भारतीय फिल्म उद्योग के अभिनेता अमिताभ बच्चन उनके सुपुत्र हैं। उनका निधन 18 जनवरी 2003 के दिन, साँस की बीमारी के कारण, मुम्बई में हुआ था।



# TOB





## खेल कॉर्नर







## U-19 वर्ल्ड कप

### जीतने वाली सभी टीमें

| साल | मेजबान | विजेता | उपविजेता | टीमें |
|---|---|---|---|---|
| 1988 | ऑस्ट्रेलिया | ऑस्ट्रेलिया | पाकिस्तान | 8 |
| 1998 | द. अफ्रीका | इंग्लैंड | न्यूजीलैंड | 16 |
| 2000 | श्रीलंका | भारत | श्रीलंका | 16 |
| 2002 | न्यूजीलैंड | ऑस्ट्रेलिया | द. अफ्रीका | 16 |
| 2004 | बांग्लादेश | पाकिस्तान | वेस्टइंडीज | 16 |
| 2006 | श्रीलंका | पाकिस्तान | भारत | 16 |
| 2008 | मलेशिया | भारत | द. अफ्रीका | 16 |
| 2010 | न्यूजीलैंड | ऑस्ट्रेलिया | पाकिस्तान | 16 |
| 2012 | ऑस्ट्रेलिया | भारत | ऑस्ट्रेलिया | 16 |
| 2014 | यूएई | द. अफ्रीका | पाकिस्तान | 16 |
| 2016 | बांग्लादेश | वेस्टइंडीज | भारत | 16 |
| 2018 | न्यूजीलैंड | भारत | ऑस्ट्रेलिया | 16 |
| 2020 | द. अफ्रीका | बांग्लादेश | भारत | 16 |
| 2022 | वेस्टइंडीज | भारत | इंग्लैंड | 16 |
| 2024 | द. अफ्रीका | ऑस्ट्रेलिया | भारत | 16 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **18.01.2026**

## पुनर्बलन कौशल

पुनर्बलन कौशल **(Reinforcement Skill)** शिक्षक द्वारा उपयोग की जाने वाली वह तकनीक है, जिससे छात्रों को प्रेरित किया जाता है और उनके अच्छे व्यवहार या सही अनुक्रिया (जवाब) को बढ़ाया या मजबूत किया जाता है, ताकि वे सीखने की प्रक्रिया में अधिक रुचि लें और अगली बार भी वैसा ही व्यवहार दोहराएं। इसमें सकारात्मक (प्रशंसा, प्रोत्साहन) या नकारात्मक (गलत व्यवहार को कम करना) तरीकों से छात्रों की भागीदारी और सीखने की इच्छा को बढ़ाया जाता है, जिससे एक अच्छा सीखने का माहौल बनता है।


राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



चेन्नई की रहने वाली **सफाई कर्मचारी पद्मा जी** ने ईमानदारी की **मिसाल** पेश की है। उन्हें लगभग **45 लाख रुपए** का सोना सड़क किनारे मिला जिसे उन्होंने तुरंत **पुलिस** के हवाले कर दिया।

# पद्य पंकज

"

सारा जीवन सपाट,समतल मैदान है,
जिसमे कहीं कहीं गड्ढे तो है पर टीलों,
पर्वतो,घने जंगलों, गहरी घाटियों और
खंडहरों का स्थान नहीं है।

**मुंशी प्रेमचंद**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
साहित्यकार
हरिवंशराय बच्चन
27 नवंबर 1907-18 जनवरी 2003
पद्म
भूषण
Madhu priya
www.teachersofbihar.org